21 जून 2025
अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा प्रारंभ की गई नूतन पहल है; जो संपूर्ण विश्व के द्वारा आधिकारिक रूप से मनाया जाता है और इस कार्यक्रम में सहभागिता के लिए सभी नागरिकों का अधिकार है। यद्यपि संस्थागत रूप से विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में मनाया जाता है। हमारे विश्वविद्यालय में बडे ही उत्साह के साथ मनाया जाता है ताकि सभी लोग सहभागिता करते हुए लाभान्वित हों। 11 वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग" है।

अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय में 11 वाँ अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों पर योग सप्ताह मनाया गया। 16 जून 2025 को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसका विषय" एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग" रहा जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।



दिनांक 17 जून 2025 को योग के विषय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें चित्रकला विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया जिसका विषय था "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग"।

दिनांक 18 जून 2025 को योग विभाग के विद्यार्थियों तथा विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने संगीतमय सूर्य नमस्कार किया, जिससे विश्वविद्यालय योग का खुशहाल वातावरण निर्मित हुआ।

दिनांक 19 जून 2025 को विश्वविद्यालय में मा. कुलगुरु प्रो. खेमसिंह डहेरिया, कुलसचिव श्री शैलेन्द्र जैन, प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम सिंह, डॉ. शैलजा त्रिवेदी, डॉ. पूनम सिमैया एवं विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न किया।

दिनांक 20 जून 2025 को योग दिवस की पूर्व संध्या में योग कक्षा की साज–सज्जा एवं 21 जून की विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने तैयारियाँ की।

दिनांक 21 जून 2025 प्रातः योग दिवस मनाया गया। माननीय कुलगुरु प्रो. खेमसिंह डहेरिया, कुलसचिव माननीय श्री शैलेन्द्र जैन, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने प्रोटोकॉल के अनुसार योग किया। योग दिवस कार्यक्रम का संचालन योग विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम सिंह ने किया एवं कार्यक्रम का आभार डॉ. पूनम सिमैया ने किया।